

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अशोकनगर नपा को देश में मिला 28वां स्थान

## चंदेरी और शाढ़ौरा ने भी बढ़ाई अपनी रैंकिंग, तो वहीं अपने ही पायदान से फिसले मुंगावली और ईसागढ़

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें जहां अशोकनगर नगरपालिका ने बेहत्तर प्रदर्शन करते हुए देश में 28 स्थान पाया है, तोव हीं शाढ़ौरा और चंदेरी ने अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए रैंक में बढ़ोत्तरी की है। तो वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण में ईसागढ़ और मुंगावली नगरपालिका की रैकिंग में गिरावट देखने को मिली।

दरअसल भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गुरूवार को विज्ञान भवन नई दिल्ली में घोषित हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों में नगरपालिका अशोकनगर ने पूरे भारत में 28वां स्थान प्राप्त किया। नगरपालिका का पिछले सर्वेक्षण 2023 में भारत मे 122वां स्थान था, इस बार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए



50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या वाली श्रेणी के 824 शहरों में पूरे भारत मे 28वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही गार्बेज फ्री सिटी (स्टार रेटिंग) अंतर्गत 3 स्टार रेटिंग प्राप्त की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगरपालिका द्वारा 1 स्टार रेटिंग थी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के विभिन्न घटकों जैसे डोर-टू-डोर कलेक्शन, वेस्ट प्रोसेसिंग, डंप साइट्स का उचित प्रबंधन तथा रेसिडेंशियल और मार्केट एरिया, जल संरचनाओं एवं पब्लिक टॉयलेट्स की सफाई के संबंध में कुल प्राप्तांक 12500 में से 10122 अंक प्राप्त किये। तो वहीं नगरपालिका चंदेरी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश के 50 हजार



तक की जनसंख्या वाली श्रेणी में निकायों में 102वीं रेंक प्राप्त की। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 654वां स्थाान रहा था। स्टार रेटिंग अंतर्गत 1 स्टार रेटिंग प्राप्त की। पिछले वर्ष कोई स्टार रेटिंग प्राप्त नही हुई थी। निकाय द्वारा कुल प्राप्तांक 12500 में से 9132 अंक प्राप्त किये। साथ ही नगर परिषद शाढौरा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश के 20 हजार तक की जनसंख्या वाली श्रेणी में 594वीं रेंक प्राप्त की। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 669वां स्थान रहा था। निकाय द्वारा कुल प्राप्तांक 12500 में से 7470 अंक प्राप्त किये है, वहीं स्टार रेटिंग प्राप्त नही हुई।

**इधर आई रैंकिंग में गिरावट:** जिले की अन्य निकायों में मुंगावली ने देश के 50 हजार तक की जनसंख्या वाली श्रेणी में 31 वी रेंक प्राप्त की। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 18वां स्थान प्राप्त किया था। स्टार रेटिंग अंतर्गत स्थान घटकर 1 स्टार रेटिंग प्राप्त की। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर परिषद द्वारा 3 स्टार रेटिंग प्राप्त की थी। निकाय द्वारा कुल प्राप्तांक 12500 में से 9776 अंक प्राप्त किये। तो वहीं नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश के 20 हजार तक की जनसंख्या वाली श्रेणी में निकायों में स्थान घटकर 537वीं रेंक प्राप्त की। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 273वां स्थान रहा था। निकाय द्वारा कुल प्राप्तांक 12500 में से 7675 अंक प्राप्त किये। स्टार रेटिंग प्राप्त नही हुई।




# 22 जुलाई से डाकघर के ग्राहकों को मिलेगी डिजिटल सेवाएं

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बदलते तकनीकी युग में डाक विभाग निरंतर आधुनिक तकनीक के साथ प्रोजेक्ट एरो, लुक एंड फील, एवं आईटी 1.0 जैसे सफल प्रोजेक्ट के पश्चात अब डाक विभाग आईटी 2.0 को शुरू करने जा रहा है। डिजिटल उत्कृष्टता की दशा में यह डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल साबित होगी। जिसकी सुविधा ग्राहकों को 22 जुलाई से मिलना शुरू हो जाएगी।

अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि डाकघर में एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी आईटी 2.0 मंगलवार 22 जुलाई 2025 से गुना डाक संभाग के तीनों जिलों गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी के प्रत्येक डाकघर में शुरू हो रहा हैं। आईटी 2.0 लागू होने से डाकघर के ग्राहकों को अब बेहतर, त्वरित एवं सशक्त सेवाएं मिलेंगी। एवं इससे विभाग का डिजिटल प्लेटफॉर्म, अब और अधिक सहज व सुरक्षित रहेगा। वहीं उन्होंने बताया कि डाक विभाग अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन की शुरुआत की घोषणा कर रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग हैं। इस उन्नत ओर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित काम करने के लिए दिनांक 21 जुलाई सोमवार को गुना संभाग के समस्त डाकघरों में समस्त प्रकार का काम बंद रहेगा, जो कि डेटा माइग्रेशन, डेटा वेरिफिएशन एवं कॉन्फिग्रेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक हैं। वहीं अधीक्षक डाकघर गुना श्री चतुर्वेदी ने डाकघरों के ग्राहकों से अनुरोध किया है कि यदि किसी ग्राहक को आवश्यक कार्य है तो वह 19 जुलाई तक डाकघर में संपर्क कर अपना कार्य करवा सकते हैं। 21 जुलाई सोमवार को डाकघर की सेवाएं बाधित रहेंगी। 22 जुलाई मंगलवार से डाकघर की सारी सेवाएं सुचारू रूप से प्रारंभ होंगी।

## एक नजर में

### जन संस्कृति मंच की राष्ट्रीय परिषद कार्यकारिणी में सदस्य बने कवि हरगोविंद



**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** जन संस्कृति मंच की राष्ट्रीय परिषद कार्यकारिणी में शहर के कवि हरगोविंद पुरी एडव्होकेट को सदस्य बनाया गया है। मंच के 17 वे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन झारखंड की राजधानी रांची में रांची में आयोजित हुआ। सम्मेलन में देश भर के 300 लेखक, कलाकार, रंगकर्मी व फिल्मकार सम्मिलित हुए। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रसिद्ध रंगकर्मी फिल्मकार जहूर आलम को राष्ट्रीय निर्वाचित किया गया था। वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार मनोज सिंह को तीसरी बार राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मध्यप्रदेश से अशोकनगर जिला इकाई के अध्यक्ष कवि हरगोविंद पुरी को सदस्य चुना गया। हरगोविंद पुरी के राष्ट्रीय परिषद में चुने जाने पर उनके इष्टमित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### राशिद मोहम्मद खान एडवोकेट नोटरी केंद्रीय नियुक्त



**नवभारत न्यूज मुंगावली।** भारत सरकार के विधि विभाग ने मुंगावली के वरिष्ठ अधिवक्ता राशिद मोहम्मद खान को नोटरी अधिनियम के तहत नोटरी अधिसूचित किया है। एडवोकेट राशिद मोहम्मद खान लंबे समय से मुंगावली में वकालत कर रहे है, उनके गुरु मुंगावली के वरिष्ठ अधिवक्ता डीएल अहिरवार है। एडवोकेट राशिद मोहम्मद खान ने अपनी इस नियुक्ति के लिए सरकार के केंद्रीय कानून मंत्री तथा पूर्व सांसद डॉ केपी यादव का आभार व्यक्त किया है। तो वहीं श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भानु दांगी एवं ब्लॉक इकाई द्वारा नियुक्त होने पर बधाई दी है।

### पंचायतों के उप निर्वाचन से पूर्व शस्त्र लायसेंस निलंबित, कराने होंगे जमा

**अशोकनगर।** मप्र राज्य निर्वाचन आंयोग भोपाल द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम समय-अनुसूची जारी किया गया है। जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत ईसागढ़ ग्राम पंचायत गणेशखेडा एवं पिपरोल तथा जनपद पंचायत मुंगावली ग्राम पंचायत भ्याना के रिक्त सरपंच पद का मतदान 22 जुलाई को सम्पन्न कराया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने एवं जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 3 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुऐ जनपद पंचायत ईसागढ़ ग्राम पंचायत गणेशखेडा एवं पिपरोल तथा जनपद पंचायत मुंगावली ग्राम पंचायत भ्याना की राजस्व सीमा के अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किये जाते है तथा आदेशित किया जाता है कि वह अपने लायसेंस पर अंकित शस्त्र 18 जुलाई तक अनिवार्य रूप से संबंधित थाने में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

# जिला अस्पताल की सुरक्षा भगवान भरोसे, मनकक्ष से 8400 गोलियां हुई चोरी

## कलेक्टर के निरीक्षण के बाद नहीं सुधर रहे हालत, बेपरवाह नजर आ रहा प्रबंधन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलाअस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह प्रयासरत है, जिसके चलते वह लगातार जिलाअस्पताल पहुंचकर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देशित कर रहे है, लेकिन इसके बाबजूद भी हालत सुधारने का नाम नहीं रहे है। ऐसा ही मामला विगत दिवस सामने आया ,जहां अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे नजर आई और अस्पताल के मनकक्ष में रखी गोलिया चोरी हो गई। इस मामले की जैसे ही अधिकारियों को जानकारी लगी तो उन्होंने स्टॉफ को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए एफआईआर के लिए सिटी कोतवाली में आवेदन दिया है।

दरअसल विगत दिवस मन कक्ष ओपीडी क्रमांक 1 में रखी टेबलेट एल्फ्रीजोलाम 6 हजार, लोराजीपाम 1200 तथा डाईजीपाम 1200 की चोरी हुई है। इसकी जानकारी स्टॉफ को अगले दिन लगी तो उन्होंने मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत ने कार्रवाई करते हुए नर्सिंग आफीसर शाहिद खान मंसूरी, दिव्या तिवारी, डॉ. राममोहन गुर्जर तथा सुरक्षा गार्ड सिगमा कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया, तो वहीं सिटी कोतवाली में एफआईआर के लिए पत्र भेजा है। वहीं मनकक्ष से गायब हुई गोलियों की जांच के लिए टीम गठित की गई है। जिसमें डॉ. डीके भार्गव, डॉ.मनीष चौरासिया, ड्रग्स इंस्पेक्टर जितेन्द्र शर्मा को शामिल किया गया है। यह कमेटी तीन दिन में जांच कर अपना जांच प्रतिवेदन अपने वरिष्ठों को सौंपेगी।

### रात्रि में अस्पताल पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले इस हेतु निरंतर निरीक्षण कर स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा बुधवार की रात्रि में जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होने स्टोर कक्ष, मन कक्ष, पोषण पुनर्वास केन्द्र,पुरूष एवं महिला वार्डो में पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के



संबंध में सिविल सर्जन को निर्देश दिए। विगत दिवसों में कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान नया ओपीडी बनाये जाने के निर्देश दिए गए थे। जिला चिकित्सालय में बनाये जा रहे नये ओपीडी एवं पेवर्स निर्माण कार्य का कलेक्टर द्वारा मौका मुआयना कर विस्तृत जानकारी ली गई।




# पुलिस ने नशे से दूरी अभियान के तहत किया कार्यक्रम आयोजित

**द्रोपदी पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन**

**छात्र-छात्राओं को किया जागरूक**

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** द्रौपदी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल शाढ़ौरा में नशे से दूरी है ज़रूरी विषय पर एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश पुलिस के दिशा-निर्देश में शाढ़ौरा थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर एएसआई जगदीश शर्मा, एएसआई कासिम खान, दीवान विजय रघुवंशी, और आरक्षक प्रशांत भी उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से निदेशक बृजकिशोर शर्मा, प्राचार्य अजय शर्मा, और सहायक निदेशक हिमांशु उपाध्याय ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस दौरान थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुशवाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा किस प्रकार से व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज में भी जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि समाज में नशा करने वाले व्यक्तियों को तिरस्कार की नहीं, बल्कि समझ और सहायता की आवश्यकता है। यदि हम मिलकर प्रयास करें तो उन्हें इस अंधकार से बाहर निकाला जा सकता है। वहीं कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक हिमांशु उपाध्याय ने शाढ़ौरा पुलिस व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण विषय पर जागरूक करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

### युवा संगम कार्यक्रम 25 को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 25 जुलाई को नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर जिला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# करीला में हुई डिलेवरी, परिजनों ने बेटे का नाम रखा लव

**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध करीला धाम मंदिर में बुधवार सुबह एक बच्चे ने जन्म लिया है। बच्चे की मां उमा पत्नी सुनील आदिवासी उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के ककरेला गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली में परिजनों के साथ मंगलवार को मां जानकी मंदिर क़रीला आई थी। उसे नौ माह का गर्भ था, मंगलवार रात्रि को सभी लोग मंदिर परिसर के बाहर टीन शेड में रुके हुए थे कि महिला को प्रसव वेदना शुरू हो गई। परिजनों ने स्थानीय दुकानदारों से नंबर पूछ कर जननी एक्सप्रेस को फोन किया लेकिन जब तक जननी एक्सप्रेस आती,



तब तक प्रसूता दर्द से कराह रही थी। अंततः साथ में आईं अन्य महिलाओं ने मां जानकी को प्रणाम कर ट्रॉली में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया और पांच मिनट में आसानी से प्रसव हो गया और एक स्वस्थ बेटे ने जन्म लिया। इसके बाद जच्चा बच्चा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में भर्ती कराया गया।

**नाम रखा लव, कहा अपना नाम खुद लेकर आया:** बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती प्रसूता उमा की सास ने बताया कि जब बहू का पेटदर्द हुआ तो वह सभी घबरा गए थे। लेकिन उन्होंने मां जानकी के दरबार में अर्जी लगाई कि जैसे उनके बेटे का जन्म क़रीला में हो गया था वैसे ही इनके बेटे का जन्म हो जाए। परिजनों ने बेटे का नाम लव रखा है, उनका कहना है कि अपना नाम वह स्वयं लेकर आया है।


**धर्म-सभा**

**डीआईजी ने किया नवधा भक्ति पूर्वक पड़गाहन**

# जिस कार्य को करने में गुरु का डर लग रहा है, वह काम न करें : सुधासागर

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिस कार्य को करने में गुरु का डर लग रहा है वह काम कभी मत करना, मुझे डर लग रहा है कि मैंने यदि गलत किया है तो उसकी सजा मिलनी ही चाहिए, श्री राम ने जब गुरु बनाया तो लोगो ने पूछा कि आप तो अवतार पुरुष है आपको गुरु की क्या जरूरत है सारी दुनिया तो श्रीराम भगवान कहेंगी और गुरु हे राम कहेंगे वे उनका मार्ग दर्शन करते थे, गुरु किस लिए बनाया जाता है जब कोई काम नहीं आता तो गुरु काम आते हैं अपनी कमी को दूर करने को बनाते हैं गुरु इसलिए बनाया जाता है कि मुझे दंडित करे जिस का कोई गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं, तुम गुरु बिना नहीं रहना गुरु के मुख से जो कुछ भी निकल जायें उसे स्वीकार कर लेना, तुम्हारा विश्वास नाग को हार बना देगा,



अपनी दृष्टि को निर्मल करो उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म संसार से बहुत ऊपर है कल हम क्या बनेंगे इसकी जगह आज हम क्या है किस क्षेत्र किस जगह, कोन सा समय आयेगा कल किनके साथ है कल हम मरेंगे या जिंदा रहेंगे विचारणीय नहीं है। आज हम जिंदा है इसके लिए विचार करें भविष्य का जो भय है इससे जिंदा रहने का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। हमारे पास सब कुछ रहा, लेकिन हम उसका आनंद नहीं ले पा रहा है हर व्यक्ति कहीं से ना कहीं से भयभीत है। लोक भय पर लोक आपको सता रहा है आपको ये भय नहीं है इससे मेरा नुकसान होगा आपकों भय है कि लोग क्या कहेंगे, ज्ञानी गलती कर रहा है तो उसे ये फिलिंग नहीं है मैं गलती कर रहा हूं उसे डर है कि लोग क्या कहेंगे, ऐसा इंसान कभी भी धर्मात्मा नहीं हो सकता यदि मैं ग़लत कर रहा हूं तो दुनिया हंसेगी मां बाप डटेंगे थप्पड़ मारेगे यदि गलत करने पर मां बाप आपको नहीं डांटते तो वे तुम्हारे बैरी है । यदि गलती कर रहे हो और तुम पूरी ताकत इसमें लगा रहे हो मम्मी पापा को पता ना चले तो आपका विनाश निश्चित है संसार में आपकी दृष्टि में सबसे पवित्र कौन है भगवान है गुरु है पहली बात तो दुनिया में गुरु तुम्हारा गुरु है कि नहीं यदि है साधु अलग है गुरु अलग है साधु को दुनिया से कोई मतलब नहीं है, जो साधना में रत है वह साधु है उसे दुनिया से कोई लेना-देना नहीं है वह तो अपनी साधना में लीन हैं दुनिया उसे माने या ना मानो उसे प्रत्यक्ष में अनुभव में लाना है।

**सत्य को सिद्ध करने की जरूरत नहीं है सत्य स्वयं सिद्ध है:** अठारहवीं सदी की घटना है राजा ने पूछा दीवाना जी आज कौन सी तिथि है उनके मुंह से निकल गया आज पूर्णिमा है लेकिन थी अमावस्या सारी सभा झूठ वह नहीं है जो झूठ बोलता है झूठ वह है निकलता है मैंने झूठ नहीं बोला सारे पंचांग झूठे हैं या आप झूठ बोल रहे हैं राजा सहाब मैंने नियम लिया है कि मैं झूठ नहीं बोलूंगा सारे पंचांग बनाने वालो की झूठे हैं क्या शाम को बड़ी चौपड़ पर धर्म और धर्मात्मा की बात आती है तो सत्य भी हजार हो जाते हैं ये भी कह रहे हैं तो वह भी सत्य है साधुओं के वचन क्यों सत्य होते हैं क्योंकि उनके झूठ बोलने का त्याग है महानुभाव मैं भी दावा करता मैने जो कुछ भी बोला है सही है हित कारी है मुझे हर ही नहीं है मैं अपने छाती पर हाथ रख कर बोल रहा हूं जो कुछ भी मैं बोल रहा हूं वह सत्य है मैंने तो सही बोला है मुझे दुनिया की कोई चिंता नहीं है मुझे हंसी उड़ानें का डर ही नहीं है वस इतना है कि जो संकल्प क्या है आपका नियम क्या है आप लोग बोलते जाइये सत्य ही निकलेगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 17/07/2025

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक कुंजी लाल पाल पुत्र शिवलाल पाल निवासी ग्राम जारसल तहसील चंदेरी द्वारा अपने माता भुजिया बाई पिता/पति शिवलाल पाल की मृत्यु दिनांक 09/05/2021को ग्राम जारसल में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/07/20 25 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**दिलीप दरोगा**
**तहसीलदार, वृत-3 थूवोन**
**तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 17/07/2025

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक लाल सिंह यादव पुत्र रामरतन सिंह यादव निवासी ग्राम सिंहपुर चाल्दा तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता रामरतन सिंह पिता/पति कोमल सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 19/01/2014 को ग्राम सिंहपुर चाल्दा में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/07/20 25 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**दिलीप दरोगा**
**तहसीलदार, वृत-3 थूवोन**
**तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 18/07/2025

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक बब्लू पाल पुत्र मेहरबान पाल निवासी ग्राम खाकरोन तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता मेहरबान पाल पित सोमा पाल की मृत्यु दिनांक 05/08/2019को ग्राम खाकरोन में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/07/20 25 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**नायब तहसीलदार**
**वृत-2 विक्रमपुर**
**तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मप्र**

**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 18/07/2025

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक रामदास कुशवाहा पुत्र तुलसी राम कुशवाहा निवासी ग्राम टोडा तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता तुलसी राम कुशवाहा पिता/पति हल्के कुशवाहा की मृत्यु दिनांक 21/04/2022को ग्राम टोडा में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/07/20 25 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

**नायब तहसीलदार**
**वृत -2 विक्रमपुर**
**तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर मप्र**